मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 28 मुंबई, सोमवार, दिनांक 03 अप्रैल से 09 अप्रैल 2023 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये




## उत्तर प्रदेश से आये अतिथियों का स्वागत किया गया राजेन्द्र भाई जैन द्वारा









**मुंबई,** जैसे ही नवरात्रि का पावन महीना चालू होता है वैसे है जगह जगह से माता मुम्बादेवी के दर्शन करने के लिए तमाम नेता अभिनेता उघोगपति समाजसेवक और तमाम श्रद्धालुओं की लाइन लग जाती है माता के एक झलक पाने के लिए की किसी प्रकार माता जी का दर्शन हो जाएं कल जैसे ही गुड़ी पाडवा का त्यौहार आया उसी दिन से हिन्दू नववर्ष और नवरात्रि भी चालू हो जाती है.

इसी बिच उत्तर प्रदेश से माता मुम्बादेवी के दर्शन के लिए आएं ब्लाक प्रमुख श्री विनय सिंह जी उनकी धर्मपत्नी श्री मांडवी सिंह जी पंकज सिंह बच्चा सिंह गुड्डू सिंह और तमाम कार्यकर्त्ता लोग इन सबका स्वागत किया श्री मुम्बई महाराष्ट्र के सबसे तेज और धाकड़ समाजसेवक श्री राजेंद्र भाई जैन जी माता मुम्बादेवी मन्दिर के अध्यक्ष श्री हेमन्त जाधव जी .हमारे वरिष्ठ समाज सेवक और श्री हौशिला प्रसाद गुप्ता जी .देवी प्रसाद गुप्ता जी.मनोज गुप्ता सुजीत गुप्ता जी अनंत लाल गुप्ता जी और तमाम कार्यकर्ता समाजसेवक लोगो ने अपने अतिथियों का जोरदार स्वागत किये.




**कहते हैं कि...**

अपने कार्य को इतनी शिद्दत से करो कि ऐसे सम्मान खुद में खुद आपके पास चलकर आए, नतीजे के तौर पर साझा की जा रही तस्वीर आप सभी के सामने है।Anil Sharma जी इस बड़ी उपलब्धि के लिए आपको हृदयतल से बधाई ..!!

वित्तीय वर्ष 2022-2023 में आप ने अपने ऑर्गेनाइजेशन को सर्वोत्तम दिया और उनकी अपेक्षाओं को पार किया आपके सराहनीय प्रयासों का नतीजा 'Best Performer Of The Year' से आपको नवाजा गया आने वाले वक्त में भी आप अपना यह मैजिक बरकरार रखें मेरे भाई आपका हर दिन सर्वश्रेष्ठ हो इन्हीं शुभकामनाओं के साथ .. पुनश्च

**Congratulations!**

**Regards - Rajan Sharma**

**कदम कदम पर** परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!

## बिजली दर वृद्धि, कई संगठन आक्रामक!

**मुंबई,** राज्य में बिजली दर वृद्धि का मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। इसके खिलाफ कई संगठन आक्रामक हो गए हैं। घरेलू, किसान, कारोबारी और औद्योगिक बिजली उपभोक्ताओं में सरकार और विद्युत कंपनियों के खिलाफ जबरदस्त नाराजगी देखी जा रही है। ह्यमहाराष्ट्र राज्य वीज ग्राहक संगठनह्ल ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के पैष्ठसले को चुनौती देने का एलान किया है।

बिजली मामलों के जानकार व संगठन के अध्यक्ष प्रताप होगड़े के अनुसार आयोग ने इस राशि की वसूली के लिए औसत बिलिंग दर (एबीआर) में प्रथम वर्ष में



७.२५ प्रतिशत और दूसरे वर्ष में १४.७५ प्रतिशत की वृद्धि की अनुमति दी है, जो कि बिजली ग्राहकों के साथ सरासर अन्याय है। बिजली कंपनियां अपनी गलतियों और अनियमितता का बोझ ग्राहकों पर थोंपना चाहती हैं। महावितरण कंपनी ने ६७,६४४ करोड़ रुपए के घाटे को कवर करने के लिए औसतन ३७ प्रतिशत यानी २.५५ रुपए प्रति यूनिट की भारी वृद्धि का प्रस्ताव दिया था।




डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C ७०७९



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# दागदार राजनीति

यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट उस याचिका की सुनवाई करने को तैयार है, जिसमें यह मांग की गई है कि दोषियों को राजनीतिक पार्टी बनाने और किसी दल का पदाधिकारी बनने पर रोक लगाई जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को शीघ्र सुनने की आवश्यकता नहीं समझी, लेकिन यह आशा की जाती है कि वह उस पर गंभीरता से विचार करने के साथ ही ऐसा कुछ करेगा, जिससे किसी आपराधिक मामले में सजा पाए नेता किसी दल में पद न धारण कर सकें और न ही अपना राजनीतिक दल बनाने पाएं। ऐसी कोई व्यवस्था बनाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि कई ऐसे नेता हैं, जो सजायाफ्ता होने के बाद भी अपने दल में कोई न कोई पद धारण किए रहते हैं अथवा उन्होंने अपने राजनीतिक दल का गठन कर लिया है। यह और कुछ नहीं सजायाफ्ता नेताओं की ओर से पर्दे के पीछे से की जाने वाली राजनीति है। उनकी यह सक्रियता राजनीति के अपराधीकरण को रोकने के प्रयासों पर पानी फेरने का ही काम करती है।

यह सही है कि ऐसे नेता चुनाव नहीं लड़ सकते, लेकिन वे राजनीति में सक्रिय रहकर उसे प्रभावित करने का काम तो करते ही हैं। ऐसे नेता कई बार दल विशेष के कर्ता-धर्ता बनकर उसकी रीति-नीति तय करने का भी काम करते हैं। इसी तरह वे यह मिथ्या प्रचार करके लोगों की सहानुभूति अर्जित करने की भी कोशिश करते हैं कि उन्हें राजनीतिक बदले की भावना के तहत जानबूझकर झूठे मामले मे फंसाया गया।

सजायाफ्ता नेता ऐसे कुतर्क भी खूब देते हैं कि सबसे बड़ी अदालत जनता है। कई बार वे अदालतों के फैसले को सरकार का फैसला करार देकर भी लोगों को गुमराह करने का काम करते हैं। राहुल गांधी इन दिनों यही कर रहे हैं। उन्हें आपराधिक मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत ने सजा सुनाई है और उसके चलते उन्होंने लोकसभा सदस्यता गंवा दी है, लेकिन वह और उनके साथी यही प्रचारित करने में लगे हुए हैं कि उन्हें सरकार ने सजा दी है, क्योंकि वे उसके विरुद्ध बोल रहे थे।

स्पष्ट है कि वह पीड़ित होने का दिखावा इसीलिए कर रहे हैं, क्योंकि यह जान रहे हैं कि सांसद न रहते हुए भी कांग्रेस की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूमती रहेगी और उन्हें कुछ हमदर्दी हासिल हो जाएगी। कायदे से सजायाफ्ता नेताओं को राजनीति से दूर करने का काम राजनीतिक दलों को ही करना चाहिए, लेकिन वे न तो इसके लिए तैयार हैं और न ही चुनाव आयोग के उस प्रस्ताव को स्वीकार रहे हैं जिसके तहत इस पर बल दिया जा रहा है, जो नेता गंभीर आरोपों से दो-चार हों और जिनके खिलाफ आरोपपत्र दायर हो चुका हो, उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जाए। समझना कठिन है कि राजनीतिक दल इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं?

# स्वस्थ रहने के लिये व्यायाम जरूरी: डॉ मार्टिना जॉन

## 27 खोली के श्री कलगीधर गुरुद्वारा में हुआ स्वास्थ्य शिविर

**बिलासपुर,** छत्तीसगढ़। सत्ताइस खोली के कलगीधर गुरुद्वारा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर एमपीटी आर्थो डॉक्टर मार्टिना जॉन ने सर्वाईकल स्पंडोलाइटिस , फ्रोजेन शोल्डर , कमर ,एड़ी का दर्द , आर्थराइटिस , डीप ब्रीथिंग एक्सरसाइज ,कोर स्ट्रेंग्थिन पर विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शारीरिक तकलीफों पर व्यायाम सबसे सुंदर उपाय है । उन्होंने पंजाबी समाज के सदस्यों की समस्याओं का निवारण भी किया। उन्होंने कहा कि कसरत एवं स्ट्रेचिंग से हम कई परेशानियों से घर बैठे ही छुटकारा पा सकते हैं । उन्होंने फि ज़ियोथेरेपी के महत्व से भी अवगत कराया। इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में महावीर सिंह संधु, प्रशांत नारंग, जसविंदर पाल सिंह, जीत सिंह सहित पंजाबी समाज की महिलाएँ पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# चारामा ब्यूटी पार्लर में धूमधाम से मनाई गई महा अष्टमी

## बच्चों को कन्या भोज कराकर नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**चारामा, कांकेर।** चारामा के हिमांशु ब्यूटी पार्लर में चैत्र नवरात्रि पर महा अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर कन्या भोज कराकर माता का आशीर्वाद लिया गया। सभी भक्तजनों ने मातारानी का दर्शन कर दुर्गा अष्टमी की विधि विधान से पूजा की और माता का पवित्र प्रसाद ग्रहण किया। विविध झाँकियां भी प्रस्तुत की गईं। इस मौके पर हिमांशु ब्यूटी पार्लर की संचालिका चंद्रकांति नागे ने आदिशक्ति माता भवानी से सबके लिये आशीर्वाद की कामना की। कन्याभोज कराने के बाद बच्चों को दक्षिणा दिया गया। कार्यक्रम में प्रमिला साहू, लोकेश्वरी देवांगन, खोजमति सिन्हा और खिलेश्वरी यादव सहित नन्हें मुन्ने बच्चे उपस्थित थे।





# मंत्रालय के सामने जहर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास

**मुंबई :** शीतल गाडेकर नामक महिला ने सर जे जे अस्पताल में आखिरी सांस ली। महिला ने सोमवार को मंत्रालय के सामने जहर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। कल उसकी मृत्यु हो गई। मंत्रालय के सामने आत्महत्या की एक नहीं, बल्कि तीन घटनाएं हुई। दो ने विष खा लिया, जबकि एक ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया। तीनों ने बयान दिया है कि उन्होंने निराश होकर आत्महत्या का प्रयास किया क्योंकि सरकारी कार्यालयों में उनके काम नहीं हो पा रहे थे। पहली घटना में ६३ वर्षीय महिला शीतल गाडेकर धुले से मुंबई आई थी। उनके पति के नाम पर धुले एमआईडीसी क्षेत्र में नौ बिस्सा का प्लॉट नंबर पी-१६ है। वह २०१० में, तत्कालीन एमआईडीसी अधिकारियों की मिलीभगत से नरेश कुमार माणकचंद मुनोत नामक व्यक्ति के नाम फर्जी नोटरी बनाकर हड़प लिया गया। तत्कालीन एमआईडीसी अधिकारियों ने वैध खरीद पत्र की



बजाय १०० रुपए के स्टैंप पेपर पर नकली हस्ताक्षर किए और महिला के पति रवींद्र गाडेकर की फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी गवाहों के माध्यम से भूखंड का मालिकाना हक स्थानांतरित करवा दिया था, ऐसी शिकायत शीतल गाडेकर ने मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, मुख्य सचिव सहित कलेक्टर, पुलिस अधिकारियों से की थी और बार-बार पत्र व्यवहार भी किया था। लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। महिला ने २७ मार्च को मंत्रालय के सामने आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद भी सरकार और पुलिस उदासीन रही। सरकारी कार्यालय में बार-बार टाल-मटोल से निराश शीतल गाडेकर ने कीटनाशक दवा पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मंत्रालय के सामने पेश होने से आधे घंटे पहले शीतल ने कीटनाशक दवा पी थी, ऐसा निष्कर्ष जांच करने वाले डॉक्टरों ने निकाला है।

नई मुंबई की रहनेवाली संगीता डवरे ने भी कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। नई मुंबई पुलिस बल में कार्यरत उनके पति का कुछ दिनों पहले एक्सीडेंट हो गया था। घायल डवरे का डॉक्टरों ने ठीक से इलाज नहीं किया इसलिए डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की शिकायत संगीता ने दर्ज कराई थी। संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। इस कारण उसने मंत्रालय के सामने आत्महत्या का प्रयास किया। उनका जे. जे. अस्पताल में इलाज शुरू होने की जानकारी पुलिस ने दी है। इसी प्रकार पुणे के मावल तालुका के एक दिव्यांग व्यक्ति रमेश मोहिते ने भी मंत्रालय के सामने सड़क पर आत्महत्या का प्रयास किया। दिव्यांगों के लिए अनुदान बढ़ाने की उसकी मांग थी। स्वतंत्र दिव्यांग मंत्रालय की स्थापना हुई, लेकिन सरकार दिव्यांगों की मांगों को नजरअंदाज कर रही है, ऐसा मोहिते का आरोप था। सरकार की ओर से हो रहे अन्याय का खुलासा करने के लिए उसने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगाने की कोशिश की। पुलिस ने उसे समय रहते हिरासत में ले लिया।

# रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगे इतने लाख, 7 आरोपी फरार

**कल्याण :** एक किसान के बेटे की रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख 85 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया हैं। पीड़ित किसान दीपक भोईर की शिकायत के बाद कल्याण की खड़कपाड़ा पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आगे इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल्याण के वडवली आबिवली गणेश मंदिर परिसर निवासी किसान दीपक भोईर ने खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके बेटे की रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर मुख्य आरोपी भूमि सालुंखे उर्फ रेखा पारधी, अक्षय सालुंखे उर्फ अक्षय पारधी निवासी रौनक सिटी कल्याण पश्चिम और उसके साथी पूजा कुमारी, रानी कुमारी, लक्ष्मीबाई, जयप्रकाश सिंह और संजय नामक व्यक्ति ने मिलकर जून 2022 में अलग-अलग बैंक खातों में 6 लाख 85 हजार रुपये लिए और नकली ज्वाइनिंग लेटर और अन्य कागजात देकर धोखाधड़ी की।

# 31 मार्च से 30 अप्रैल तक पूरी मुंबई और ठाणे में 15% पानी कटौती....

**मुंबई:** ठाणे में वॉटर टनल के लीकेज के कारण करीब पांच महीने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा था। आखिरकार, बीएमसी ने अब उस लीकेज की मरम्मत करने का फैसला किया है। इस कारण 31 मार्च से 30 अप्रैल तक पूरे मुंबई में 15 फीसदी पानी की कटौती होगी। बीएमसी हाइड्रोलिक डिपार्टमेंट के अधिकारी के मुताबिक, मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली वॉटर टनल में ठाणे में बोरवेल के लिए खुदाई के दौरान लीकेज हो गया है। इस लीकेज की मरम्मत का काम 31 मार्च से शुरू किया जाएगा, जो अगले 30 दिन तक चलेगा, इसलिए मुंबई शहर, पूर्वी उपनगर और पश्चिम उपनगर में इस दौरान 15 फीसदी पानी की कटौती रहेगी। साथ ही ठाणे शहर में भी यह कटौती लागू होगी।



बीएमसी अधिकारी ने बताया कि मुंबई शहर और उपनगरों को आपूर्ति किए जाने वाले कुल पानी का लगभग 65 फीसदी पानी भांडुप वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से किया जाता है। इस प्लांट को 75 प्रतिशत जलापूर्ति 5,500 मिमी व्यास की 15 किमी लंबी वॉटर टनल के माध्यम से होती है। बताया गया है कि ठाणे में बोरवेल खोदने के कारण यह वॉटर टनल क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके कारण बड़ी मात्रा में पानी का लीकेज हो रहा है। पानी के लीकेज की मरम्मत करने के लिए पानी की सुरंग को पूरी तरह से बंद करना आवश्यक है और इस दौरान पानी को वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से भांडुप वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। मुंबई में मुलुंड ऑक्ट्रोई चेकपोस्ट के पास सोमवार दोपहर एक जल पुलिया के निर्माण के दौरान एक प्रमुख जल मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और फट गई।



# लखनऊ- उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक का कार्यभार ग्रहण करते हुए आर के विश्वकर्मा

भारतीय मीडिया फाउंडेशन परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
एके बिंदुसार संस्थापक एवं अध्यक्ष केंद्रीय मैनेजमेंट अफेयर्स कमेटी भारतीय मीडिया फाउंडेशन
**कदम कदम पर** परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!

# एडवांस क्रिकेट टीम ने जीता टी 20 फाइनल मैच



**मुंबई-** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 16 ,टी- 20,की 5 मैचों की सिरीज का आयोजन एम सी ए ग्राउंड, मुंबई पर किया गया।

फाइनल राउंड मैच में एडवांस क्रिकेट टीम तथा युथ क्लब में हुए मुकाबले में एडवांस क्रिकेट टीम विजयी हुई।टीम के कप्तान खुशवंत मुकेश गुप्ता को कप प्रदान किया गया। मुलुंड प. के विठ्ठल नगर में रहने वाले खुशवंत गुप्ता की उपलब्धि पर मुलुंड के वरिष्ठ समाज सेवक डॉ. बाबुलाल सिंह, डॉ.सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन), बबीता गुप्ता (सचिव उ.भा.सेल महाराष्ट्र कांग्रेस),समाज सेवक बीरेन्द्र पाठक,डॉ.आर.एम.पाल,अनिरुध्द दूबे,सुरेंद्र मिश्रा,मथुरा दास गुप्ता, अरिहा शाह,मोहित सिंह, खुशबु गुप्ता,शरीफ खान ने बधाई एवम उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें प्रदान किया है।



## जन्मदिवस की लख लख बधाइयां...

श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती रेखा किशोरी जी टाक को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

-:शुभेच्छुक:-
विक्रम सैन धुवारिया
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी
'श्री नारायणी सेना'
**कदम कदम पर** परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!

# मौलिक अधिकार पार्टी की जनपद प्रतापगढ़ की मासिक बैठक

**प्रतापगढ़,** दिनांक 02 अप्रैल 2023 को मौलिक अधिकार पार्टी की जनपद प्रतापगढ़ की मासिक बैठक में कार्यालय दहिलाम्ऊ में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी मा0 राम बहादुर शर्मा ने कहा कि आज भाजपा सरकार जनता के हित की बात करने वाले, अडानी, अंबानी, विजय माल्या,नीरव मोदी, मेहुल चोकसी आदि पूंजीपतियों द्वारा हजम किये गये अरबों रुपए का हिसाब मांगने वाले विपक्षी पार्टियों के सदस्यों पर मुकदमें किये जा रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी छीनी जा रही है। आज जनता नहीं समझ पा रही है कि हाई-वे या रेलवे लाइनें और स्टेशन विस्तारित कैसे और क्यों किए जा रहे हैं। तो आप सभी को जानना चाहिए कि भारत देश में 27हजार बहुराष्ट्रीय कंपनियां आ रहीं हैं जो 500एकड़ भूमि का एक सेज बनायेंगी जहां पर भारतीय संविधान नहीं लागू होगा बल्कि विदेशी कानून लागू होगा। सत्तारूढ़ सरकार 60%आबादी वाली obc,mbc को आर्थिक रूप से कमजोर और शासन-प्रशासन से दूर रख कर साम, दाम, दण्ड, भेद के प्रयोग से गुलाम बनाना चाहती है।

इसका ज्वलंत उदाहरण सामने है। दैनिक समाचार पत्र कालवाड़ टाइम्स लिखता है कि 'खुद केन्द्र सरकार को ओबीसी से परहेज,89 सचिवों में एक भी ओबीसी का नाम नहीं।' मोदी सरकार के आईएएस रैंक के 89सचिवों में एक भी सचिव ओबीसी से नहीं है। और केन्द्र सरकार के मंत्रालयों के 93अतिरिक्तसचिवों में केवल छः SCऔर पांच २३ समुदाय से हैं किन्तु ओबीसी समुदाय से एक भी अतिरिक्त सचिव नहीं है।52% OBC में (40.5% mbc + 11.5 % मध्य कृषक जातियां obc) के वोटों से भाजपा सरकार बनी है। तो ये जातियां अपनी औकात भाजपा सरकार में देख लें। अगर इनमें जरा सी भी शिक्षा का असर है बुद्धिमत्ता है, तो समय रहते एकजुट होकर भाजपा सरकार हटाओ देश बचाओ का अभियान चलायें। आज तक कोई भी प्रत्याशी 35%से 40%वोट प्राप्त कर विजयी होता रहा है। और यदि मौलिक अधिकार पार्टी के मिशन को ध्यान से देखें तो समझ में आयेगा कि मौलिक अधिकार पार्टी जनता के हित में संवैधानिक अधिकारों को जितना लागू करना चाहती है उतना आजादी के 75सालों में सपा, बसपा, कांग्रेस भाजपा ने न तो लागू किया हैं और न ही लागू करेगी।




संक्षेप में मौलिक अधिकार पार्टी का मुख्य संकल्प प्रति मतदाता रूपया 4000 प्रतिमाह वोटरशिप लागू करने, शिक्षा चिकित्सा जांच और दवाइयां मुफ्त करने, किसानों की आमदनी दूनी करने के लिए खाद बीज पानी बिजली कीटनाशक दवाइयां और कृषि उपकरण आधी छूट पर उपलब्ध कराने, जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गों को भागीदारी देने, 40.5%अति पिछड़ी जातियों को साथी छेदीलाल आयोग की संस्तुतियों पर पृथक आरक्षण/भागीदारी सुनिश्चित करने, सांसद विधायक की पेंशन बंद कर कोलेजियम सिस्टम समाप्त कर जजों की नियुक्ति आयोग द्वारा करने के लिए दृढ़संकल्पित है।

बैठक में जिला अध्यक्ष विश्वास शर्मा, सत्येन्द्र कुमार शर्मा मंडल अध्यक्ष प्रयागराज, वंशपाल चौधरी,राम कुमार शर्मा, कृपाशंकर शर्मा, राम सजीवन प्रजापति रंजना विश्वकर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# अर्पणा सैन लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर पदोन्नत होने पर शुभकामनाएं



**बौपड़ोदा (हरियाणा)।** देश और सैन समाज की गौरव ग्रामीण आंचल में पली बेटी अर्पणा सैन काकरान पूत्री श्री हरिओम सैन काकरान गाव बापड़ोदा जिला रोहतक हरियाणा को लेफ्टिनेंट कर्नल (सैन समाज के प्रथम महिला) के पद पर पदोन्नत होने पर समस्त सैन समाज और देशवासियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**FORM N.D.**
**{See rule 92 (3)}**
Form of Notice to be published in Newspaper by the successor to the permit holder.

It is hereby informed for the knowledge of public that **Shri Yusuf K. Ahmad** owner of the Motor Vehicle No. **MH04 KH 6880** has expired on **15-11-2022**

I **Afsana Khatoon Yusuf Ahmad** Address : **Keni house, Mayuri Apartment, Kharegaon, Kalwa, Thane.** being the successor to the abovementioned to confer intend to use the permit and accordingly, I have applied to the appropriate authority / Regional Transport Office Authority for the transfer of permit in my name.

Any person having any claim or objection in this reagard, should within 15 days from the publication of this notice, being such fact to the notice of Regional Transport office / Regional Transport Authority Thane.

Name of Successor : **Afsana Khatoon Yusuf Ahmad**
**Adress :** Keni house, Mayuri Apartment, Kharegaon, Kalwa, Thane.

**प्रपत्र**
**(नियम ८ देखिए)**

**'कदम कदम पर'** साप्ताहिक मुंबई, नाम पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण, जिसका प्रकाशन प्रति वर्ष फरवरी के अंतिम दिन के बाद प्रथम अंक में आवश्यक है।

१) प्रकाशन का स्थान : रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र
२) प्रकाशन की अवधि : साप्ताहिक
३) मुद्रक का नाम : **छोटेलाल शर्मा**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : प्रचिता प्रिंट प्रा. लिं. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२
४) प्रकाशक का नाम : **छोटेलाल शर्मा**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र
५) संपादक का नाम : **छोटेलाल शर्मा**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र
६) उन व्यक्तियों के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा ०३-०४-२०२३ को चुकता पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक साझेदार या अंशधारक है : कोई नहीं

मैं, **छोटेलाल शर्मा** , घोषित करता हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास के मुताबिक ऊपर लिखित विवरण सही है.

ह/-
....
**तारीख :** ०३-०४-२०२३ **प्रकाशक के हस्ताक्षर**

# मां भगवती के कड़ाहा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए संस्था के पदाधिकारी व हजारों भक्तों के जयकारे से गुंजायमान रहा पंडाल

**जौनपुर रिपोर्ट प्रकाश शर्मा**

आदिशक्ति, जगतजननी, मां जगदंबा के नवरात्रि के उपरांत दिनांक 31 मार्च2023को कड़ाहा पूजन कार्यक्रम में भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के पदाधिकारी व दूरदराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया. ग्राम भटवार,मडियाहूं के पूर्व प्रधान श्री लक्ष्मण धारी शर्मा के निजी आवास पर स्थित मां भगवती के भव्य मंदिर में उक्त पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.आवास के पीछे स्थित खुले स्थान में मां का भव्य पूजन कार्यक्रम हुआ लगभग 4 घंटे तक चलने वाले इस पूजन कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी के अलावा वहां केआसपास व दूरदराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर मां का जयकारा लगाते हुए दिखाई दिए. विज्ञान की सीमाओं से परे कुछ आध्यात्मिक दृश्य जब दिखाई देते



हैं तब आदमी की चेतना शून्य हो जाती है कड़ाहा पूजन कार्यक्रम में बनते हुए खीर में तथा खौलते हुए घी में बनने वाली पूरी को मां के भक्त लक्षणधारी शर्मा द्वारा हाथों से निकाल लेना यह सोचने को विवश कर देता है कि अध्यात्म की शक्ति विज्ञान की सीमाओं से परे है कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा,जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा पत्रकार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा,संरक्षक डा.राजेंद्र प्रसाद शर्मा,प्रकाश शर्मा,प्रेमचंद शर्मा,श्री प्रसाद शर्मा,बुद्धि राज शर्मा,राम कीर्ति शर्मा एडवोकेट,ओम प्रकाश शर्मा,पंचम राम शर्मा,मानिक चंद्र शर्मा,महासचिव मनोज कुमार शर्मा,उपाध्यक्ष नागेंद्र शर्मा,त्रिलोकी नाथ शर्मा के अलावा हजारों की संख्या में दूरदराज के क्षेत्र से आए हुए लोगों ने मां का दर्शन पूजन किया और प्रसाद ग्रहण किया।

# महाराष्ट्र के मंत्री का बड़ा दावा!

## ‘उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराने के लिए फडणवीस-शिंदे के साथ की 150 बैठकें

**महाराष्ट्र :** स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने मंगलवार को दावा किया कि महाराष्ट्र में सरकार बदलने की प्रक्रिया देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर शुरू हुई थी. महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस सरकार जून 2022 में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के विद्रोह के बाद गिर गई, जिन्होंने बीजेपी नेता फडणवीस के साथ मिल कर नयी सरकार बनायी थी. सावंत ने उस्मानाबाद में संवाददाताओं से कहा, ‘‘हम (शिंदे खेमे के शिवसेना नेता) और देवेंद्र जी ने बैठकें कीं.

‘टश्अ सरकार को गिराने के लिए कई बैठकें की’

मैंने और वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दो साल की अवधि में (ठाकरे सरकार को गिराने के लिए) 100 से 150 बैठकें कीं.’’ सावंत ने कहा, ‘‘देवेंद्र फडणवीस के आदेश पर शिवसेना और बीजेपी उस्मानाबाद जिला परिषद में एक साथ आए...यह वहीं से शुरू हुआ.’’ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिराने के लिए शिवसेना के विधायकों को मनाने के लिए बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना के एकांत शिंदे के साथ लगभग 100 से 150 बैठकें





हुईं, शिवसेना के राज्य स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने ये जानकारी दी है.

नाराज थे सावंत?

सावंत ने कहा कि चूंकि उद्धव ने उन्हें 2019 में कैबिनेट में जगह नहीं दी, इसलिए वह नाराज हो गए और उन्होंने फडणवीस के आदेश पर जनवरी 2020 में राज्य में पहला विद्रोह शुरू कर दिया. ‘‘ठाकरे ने 2019 के लोकसभा चुनावों में लोगों द्वारा दिए गए जनादेश को खारिज कर दिया. 30 दिसंबर, 2019 को कैबिनेट का विस्तार किया गया. ठाकरे ने मुझे फिर से बाहर रखा. फडणवीस के आदेश पर 3 जनवरी, 2020 को राज्य में पहला विद्रोह हुआ. हमने धाराशिव (उस्मानाबाद) जिला परिषद में शिवसेना-बीजेपी गठबंधन बनाया. मैंने एमवीए सरकार को गिराने के लिए दो साल तक काम किया. फडणवीस और एकनाथ शिंदे के साथ लगातार बैठकें हुईं. सावंत ने कहा, ‘‘इस दो साल की अवधि के दौरान, मैंने विदर्भ, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के विधायकों से मुलाकात की. मैंने उन्हें सब कुछ समझाया और उनका मन बदल दिया... मैंने पहले फडणवीस के आदेश पर विद्रोह किया, यह एक सच्चाई है.’’

# नाई बनाम नेहरू के जमाई: फिरोज के इस विरोधी के लिए इंदिरा खुद बनाती थीं चाय, सब साथ बैठकर करते थे चर्चा

सार

नंद किशोर नाई रायबरेली से फिरोज गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे। जब उनके पास नामांकन दाखिल करने के पैसे नहीं तो फिरोज ने खुद उन्हें मदद की पेशकश की पर नंद किशोर ने इनकार कर दिया। पढ़ें, ये रोचक किस्सा

विस्तार

वैसे तो समाजवादी चिंतक नंदकिशोर नाई का नाम आम तौर पर लोगों ने कम ही सुना होगा। पर, उन्नाव



के बीघापुर के ओसिया गांव में 4 अक्तूबर 1924 को जन्मे नंद किशोर बड़े समाजवादी विचारक थे। उन्होंने शोषित एवं पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने के लिए काफी लंबा संघर्ष किया। प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया के कई वर्षों तक सचिव रहे नंद किशोर के पिता गांव में जजमानी का काम करते थे। हालांकि, उनके पिता बहुत पढ़े-लिखे नहीं थे लेकिन उन्होंने पुत्र नंद किशोर की पढ़ाई लिखाई पर काफी ध्यान दिया।

डॉ. लोहिया ने नंद किशोर को 1957 के लोकसभा चुनाव में पं. जवाहर लाल नेहरू के दामाद फिरोज गांधी के खिलाफ रायबरेली से प्रत्याशी बना दिया। नंद किशोर के बारे में बताते हुए लखनऊ के महापौर रहे डॉ. दाऊ जी गुप्त ने हमें बताया था कि उन दिनों सोशलिस्ट पार्टी को कोई गंभीरता से नहीं लेता था। जवाहर लाल नेहरू, डॉ. राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व में गठित सोशलिस्ट पार्टी को ‘पागलों का समूह’ बताते थे। सोशलिस्ट पार्टी को कोई आसानी से चंदा भी नहीं देता था। डॉ. दाऊ जी ने बताया था, फिरोज गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ने के दौरान घटे इस किस्से की जानकारी उन्हें खुद नंद किशोर जी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त के यहां एक बार दी थी।

**नामांकन फीस 500, पर लोहिया की जेब से निकले सिर्फ 300**

बकौल दाऊ जी, डॉ. लोहिया ने फिरोज गांधी के खिलाफ नंदकिशोर को चुनाव लड़ाने का फैसला ले लिया। नंदकिशोर जब दिल्ली से चलने लगे तो डॉ. लोहिया ने जेब में हाथ डालकर रुपये निकाले। सिर्फ 300 रुपये निकले। वह रुपये नंदकिशोर को

देते हुए कहा, बाकी का इंतजाम चंदा से कर लो, क्योंकि 300 रुपये से ज्यादा दे पाना मेरे वश में नहीं है। फिरोज गांधी अपनी पत्नी इंदिरा गांधी, जो बाद में देश की प्रधानमंत्री हुईं, के साथ रायबरेली कचहरी में नामांकन करने आए। उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया और फिर बाहर आकर बैठ गए। लोगों ने जब चलने के लिए कहा तो वह बोले, मैं नंदकिशोर को देखना चाहता हूं। डॉ. लोहिया ने जिन्हें मेरे खिलाफ प्रत्याशी बनाया है।

**फिरोज बोले, तुमने प्रचार में तो बाजी मार ली**

नंदकिशोर के पास सिर्फ 300 रुपये थे, जबकि नामांकन की फीस 500 रुपये थी। नंदकिशोर कचहरी पहुंचे। उनके साथ उनके समर्थक भी थे। नंदकिशोर ने वहां मौजूद लोगों के सामने कहा, मेरे पास सिर्फ 300 रुपये हैं। मुझे पं. नेहरू जी के दामाद फिरोज गांधी साहब के खिलाफ चुनाव लड़ना है। मुझे चंदा चाहिए। नंदकिशोर के समर्थकों ने लोगों से पैसे मांग-मांगकर नामाकंन की फीस जुटानी शुरू की। फिरोज गांधी ने नंदकिशोर को बुलाया और कहा, यह 200 रुपये लो और अपना परचा दाखिल कर दो। पर, नंद किशोर ने मना कर दिया। हाथ जोड़कर फिरोज गांधी से कहा, साहब! मैं आपके खिलाफ चुनाव लड़ रहा हूं। इसलिए आपसे ही पैसा लेकर आपके खिलाफ उम्मीदवार बनना शोभा नहीं देता। जैसे-तैसे चंदे से 200 रुपये हुए तो उन्होंने परचा दाखिल किया। परचा दाखिल करके नंदकिशोर बाहर आए तो सामने फिरोज गांधी खड़े थे। उन्होंने नंदकिशोर की पीठ ठोंकी। बोले, नंदकिशोर आपने प्रचार में मुझसे बाजी मार ली। नंदकिशोर बोले, कैसे! फिरोज गांधी ने कहा, तुमने चंदा मांगकर जिले के गरीबों को यह संदेश दे दिया कि तुम ही वास्तव में उनके आदमी हो। तुम ही उनके प्रतिनिधि होने लायक हो।

**जिसके लिए इंदिरा गांधी खुद बनाती थीं चाय**

नामांकन के बाद फिरोज गांधी का एक आदमी नंदकिशोर के पास आया और उनका संदेश दिया, शाम को साहब ने अपने निवास पर चाय पर बुलाया है। नंदकिशोर शाम को फिरोज गांधी के निवास पर पहुंचे। वहां इंदिरा गांधी एवं फिरोज गांधी ने उनका दरवाजे पर स्वागत किया। अंदर ले गए। साथ चाय पी। काफी देर तक बात करते रहे। फिर वह नंदकिशोर को बाहर तक छोड़ने आए। हाथ मिलाया और बोले, चुनाव चलता रहेगा, लेकिन कभी-कभी चाय व कॉफी भी चलती रहे। चुनाव लड़ने के दौरान

**यह सिलसिला चलता रहा**

अक्सर फिरोज गांधी और नंदकिशोर शाम को एक साथ बैठते। बाद में तो नंदकिशोर जब भी फिरोज गांधी के यहां पहुंचे, तो इंदिरा गांधी खुद अपने हाथ से नंदकिशोर के लिए चाय व काफी बनातीं और पति फिरोज एवं नंदकिशोर के साथ खुद भी बैठतीं। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत डॉ. लोहिया से की, तो लोहिया बोले, इसमें क्या बुराई है? लोकतंत्र है। हम कांग्रेस से वैचारिक लड़ाई लड़ रहे हैं, न कि निजी। वैचारिक लड़ाई में संवाद बना रहे, यही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है।

**आभार, अमर उजाला**

# देश के शिक्षकों की पहली पसंद बनता जा रहा है ‘बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023’, सैकड़ों नॉमिनेशन हुए प्राप्त

**अजय शास्त्री**

**नई दिल्ली:** देश के सभी शिक्षकों को ये जानकार बहुत ही हर्ष हो रहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का आगाज हो चुका है, जी हाँ, किसी भी क्षेत्र में जब तक क्रांति का संचार नहीं होता तब तक वह क्षेत्र तरक्की की राह पर नहीं चलता। गौरतलब है कि शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसकी कोई सीमा नहीं है कोई भी किसी भी उम्र में शिक्षा प्राप्त कर सकता है। आपको बता दें कि एक बार फिर 29 अप्रैल 2023 को राष्ट्रिय समाचार पत्र ‘बॉलीवुड सिने रिपोर्टर’ लेकर आ रहा है ‘बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023’. ये एक ऐसा अवार्ड है जिससे देश के 200 से अधिक शिक्षकों को दिल्ली में एक साथ सम्मानित किया जायेगा, उम्मीद है कि हमारे इस कदम से भारत के शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और वह इस अवार्ड को पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे। आपको ये जानकार बहुत ही खुशी होगी कि ये अवार्ड देश के शिक्षकों का पसंदीदा अवार्ड बनता जा रहा है, अभी तक देश के कौने कौने से सैकड़ों नॉमिनेशन हमें प्राप्त हो चुके है, जबकि नॉमिनेशन की अंतिम तारीख 20 अप्रैल 2023 है। इस अवार्ड से देश के शिक्षकों को चुन-चुन कर सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने अब तक शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उच्चस्तरीय रैंकिंग देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य किया है।

‘बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023’ अवार्ड को हांसिल करने के लिए नॉमिनेशन खुले हुए है। नॉमिनेशन के लिए आपको अपना प्रोफाइल हमें ईमेल करना होगा, जिसे हमारी जूरी कमेटी चेक करेगी अगर आप हमारी कमेटी की शर्तों के मुताबिक खरे उतरते है तो आपको ‘बीसीआर इंडियाज बेस्ट टीचर्स अवार्ड 2023’ से सम्मानित किया जायेगा।

वरिष्ठ पत्रकार सतबीर पांचाल से बात करते हुए अवार्ड समारोह के आयोजक अजय शास्त्री ने बताया कि यह अवार्ड देश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आएगा, क्योंकि यह अवार्ड शिक्षकों को उत्साहित करने के साथ-साथ जागरूक करने में मदद करेगा और इस प्रतिस्प्रधा में बच्चों का भविष्य संवरना और शिक्षा का स्तर बढ़ना स्वाभाविक है। हमारा ये छोटा सा प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति बनकर उभरेगा।




यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं. १३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com